1	2	3
25.	West Bengal	3014
26.	A & N Islands	80
27.	Chandigarh	1666
28.	Dadra & Nagar Haveli	90
29.	Daman & Diu	—
30.	Delhi	18884
31.	Lakshadweep	—
32.	Pondicherry	778
	TOTAL	250735
1.	Others	889
2.	IREDA	2500
	GRAND TOTAL	2,54,124

बिजली से चलने वाला सौर कुकर

4989. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश में हाल ही में एक ऐसा सौर कुकर बनाया गया है, जो धूप न होने पर थोड़ी-सी बिजली से भी चलाया जा सकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके बाजार में कब तक उपलब्ध होने की सम्भावना है, और

(घ) इसका मूल्य कितना है तथा इस पर कितनी राज सहायता दी जायेगी ?

गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) जी हां । संदूक जैसे सौर कुकर में लघु क्षमता का बिजली का हीटर लगाकर देश में सौर कुकर विकसित किए गए हैं इसमें धूप न होने वाले घंटों अथवा बादल वाले दिनों के दौरान खाद्य पकाया/सेंका जा सकता है ।

(ग) और (घ) बिजली वाले सौर कुकर बाजार में पहले ही उपलब्ध हैं । इस किस्म के सौर कुकरों का मूल्य कुकर के डिजाइन और गुणवत्ता के अनुसार 1300 रुपये से 1600 रुपये के बीच सूचित किया गया है । वर्ष 1993-94 के दौरान, कुछ राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जा रही आर्थिक राज सहायता के अलावा, बिजली वाले सौर कुकरों सहित, सौर कुकरों के लिए 150 रुपये की केन्द्रीय आर्थिक राज सहायता प्रयोज्य थी ।

गैर-परंपरागत ऊर्जा की मात्रा

4990. **श्री राघवजी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान देश में गैर-परंपरागत ऊर्जा संसाधनों से कितनी ऊर्जा का उत्पादन किया गया, इस संबंध में वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस दिशा में प्रगति में तेजी लाने क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में अपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों से उत्पादित ऊर्जा/बचाई गई ऊर्जा की अनुमानित मात्रा विवरण में दी गई है ।

(ख) अपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के विकास और उनकी लोकप्रियता में और तेजी लाने और उन पर बल देने के लिए अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय ने एक नई "कार्यनीति और कार्यवाई योजना" का प्रस्ताव किया है जिसका उद्देश्य आठवीं योजना में परिकल्पित लक्ष्यों की तुलना में काफी ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करना है । इसके अलावा, अपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के त्वरित विकास और उपयोग के लिए अनुकूल नीति संबंधी परिवेश का सृजन किया गया है और उपयोगकर्ताओं और विनिर्माताओं को आर्थिक राज सहायता, उदार ऋण, त्वरित मूल्य ह्रास भत्ते और बिक्री कर, उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क में राहत प्रदान की गई है । प्रचार और जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं ।